हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 19 जुलाई 2025

06 सीहोर से महाकाल सेवा संकल्प पदयात्रा का...




07 यात्री बस में ट्रॉले ने पीछे से मारी टक्कर, एक की...





### खबर संक्षेप

### उर्वरकों के जिले से बाहर जाने पर प्रतिबंध लगाया

**सीहोर।** जिले में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने एव कृषकों को समय पर आवश्यक मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने की दृष्टिगत रखते हुये जिले में उपलब्ध उर्वरकों का जिले से बाहर अनियमित रूप से लेजाने पर प्रतिबंध। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने उर्वरक नियंत्रण के तहत आदेश पारित किया जाता है। उप संचालक कृषि जानकारी दी कि जिले में पंजीकृत समस्त उर्वरक अनुज्ञप्ति धारी विक्रेता किसी भी प्रकार जिले की राजस्व सीमा के बाहर उर्वरकों का निर्यात (स्थानातरण) पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। किसी विशेष परिस्थिति में उर्वरकों का जिले से बाहर स्थानांतरण आवश्यकता उत्पन्न होती है, तो संबंधित विक्रेता द्वारा उपसंचालक कृषि, सीहोर से पूर्व स्वीकृति प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा।

### पेंशनर्स कभी भी जीवन प्रमाण पत्र दे सकेंगे

**सीहोर ।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में पेंशनरों को दी जाने वाली सुविधाओं में एक नई सुविधा शामिल की गई है। ईपीएफ के दायरे में आने वाले रिटायर्ड कर्मचारी अब साल भर में कभी भी जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। अभी तक साल भर में सिर्फ एक बार नवंबर में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा थी।

### खेरी हायर सेकंडरी स्कूल में अनुपस्थित शिक्षकों को थमाए शोकाज नोटिस, अतिथियों का कटेगा एक दिन का वेतन

# विद्यालय में 11 नियमित, 6 अतिथि शिक्षक पदस्थ, डीपीसी को निरीक्षण में दो उपस्थित, 15 शिक्षक अनुपस्थित मिले

डीपीसी द्वारा खेरी हायर सेकेण्डरी स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें विद्यालय में कई अव्यवस्थाएं देखने को मिली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

सरकारी स्कूलों में व्यवस्थाएं अभी भी बदहाल स्थिति में बनी हुई है। नया शैक्षणिक सत्र आरंभ हुएं डेढ़ माह से अधिक हो गया है, लेकिन स्कूलों में व्यवस्थाएं अभी तक पटरी पर नहीं आई है। स्थिति यह है कि कई स्कूलों के ताले देर से खुल रहे है तो वहीं कई स्कूल में शिक्षक नियमित रूप से नहीं पहुंच रहें है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसकी एक बानगी क्षेत्र के हायर सेकेण्डरी स्कूल खेरी में देखने को मिली। दरअसल गुरुवार को डीपीसी रमेश राम उईके ने उक्त विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्हें स्कूल में कई अनियमितताएं देखने को मिली । हैरानी की बात तो यह रही कि विद्यालय में 11 नियमित शिक्षकों के साथ 6 अतिथि शिक्षक पदस्थ है , लेकिन इनमें से प्रभारी प्राचार्य के अलावा एक मात्र शिक्षक ही उपस्थिति थे , जबकि शेष अन्य शिक्षक बिना सूचना के विद्यालय से नदारद पाएं गये। इस पर डीपीसी ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रभारी को जमकर लताड़ लगाई। साथ ही व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा अनुपस्थित शिक्षकों को शौकाज नोटिस जारी करने की बात कही।

गुरुवार सुबह करीब 10 :45 बजे डीपीसी द्वारा खेरी हायर सेकेण्डरी स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें




विद्यालय में कई अव्यवस्थाएं देखने को मिली। स्कूल में विद्यार्थियों की उपस्थिति बेहद कम थी , वहीं दो शिक्षकों के अलावा सभी नियमित और अतिथि शिक्षक बिना सूचना के विद्यालय से नदारद पाएं गये। विद्यालय में छात्र - छात्राओं की दर्ज संख्या 290 के लगभग है। शैक्षणिक स्टाफ में 11 नियमित एवं 6 अतिथि शिक्षक पदस्थ है। लेकिन निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्राचार्य बद्री प्रसाद मालवीय एवं शिक्षक ओमप्रकाश उपलावदिया ही उपस्थित मिले , जबकि शेष अन्य स्टाफ बिना किसी सूचना के विद्यालय से नदारद थे। इस पर डीपीसी श्री उईके ने सख्त नाराजगी जताते हुए प्राचार्य को फटकार लगाई और व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा अनुपस्थित 9 नियमित शिक्षकों को शौकाज नोटिस



जारी किए गए साथ ही अतिथि शिक्षकों के खिलाफ एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई की गई है।

#### इन शिक्षकों को थमाए शोकाज नोटिस

डीपीसी श्री उईके ने बताया कि अमिता विश्वकर्मा, देवीसिंह बारेला , चन्द्र किरण सगवालिया , छाया गुप्ता , अजीत कबाड़ी , अनुजा त्रिवेदी , सीमा राठौर , बहादुर सिंह ठाकुर एवं महेश सेन आदि शिक्षक बिना सूचना के विद्यालय में अनुपस्थित पाए गए। इन्हें शौकाज नोटिस जारी किए जा रहे है , संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा अनुपस्थिति अतिथि शिक्षक राहुल वर्मा , भरत जाट , लोकेन्द्र परमार , प्रीति यादव , रक्षा वर्मा , यशस्वी राव के खिलाफ एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई की गई है।

## विकास के साथ-साथ ही नगर में स्वच्छता पर ध्यान देना बहुत जरूरी: नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर



**सीहोर।** विकास के साथ-साथ नगर में स्वच्छता पर ध्यान देना बहुत ज़रूरी है। स्वच्छता न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए, बल्कि पूरे समुदाय के लिए भी आवश्यक है। जब शहर साफ-सुथरा होगा, तो बीमारियों का खतरा कम होगा, जीवन स्तर बेहतर होगा और शहर का विकास भी तेजी से होगा।

उक्त विचार शहर के वार्ड क्रमांक 32 में आयोजित आठ लाख की लागत से बनाई जाने वाली सड़क निर्माण कार्य के भूमि पूजन के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहे। इस मौके पर वार्ड क्रमांक के पार्षद आजम नेता के अलावा क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर का स्वागत किया। इस मौके पर पार्षद और क्षेत्रवासियों ने प्रदेश में नगर पालिका को अव्वल आने के लिए बधाई देते हुए संकल्प लिया कि शहर को कचरा मुक्त बनाया जाएगा।

पार्षद आजम नेता ने कहाकि हम सभी पार्षद साथी विकास कार्य के लिए कंधे से कंधा मिलकर नपाध्यक्ष श्री राठौर के साथ है। उन्होंने बताया कि हमारे वार्ड में जो विकास के कार्य हुए है। वह पहले से अधिक हुए है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को शहर के वार्ड क्रमांक 32 में सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के दौरान पार्षद प्रदीप गौतम, इरशाद पहलवान, इरफान खान, कमलेश राठौर, मजिद भाई के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल थे।

### जिले में 449.7 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज




**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 4.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 1.2, मिलीमीटर, श्यामपुर में 0, आष्टा में 0, जावर में 8, इछावर में 0, भैरूंदा में 9, बुधनी में 11.7, रेहटी में 9.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 01 जून से 18 जुलाई को सुबह 8 बजे तक 449.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 313 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 18 जुलाई 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 413.3, मिलीमीटर, श्यामपुर में 405.3, आष्टा में 287, जावर में 306, इछावर में 381.3, भैरूंदा में 500, बुधनी में 674.9 तथा रेहटी में 631.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### नगर पालिका के तत्वाधान में आज निकाली जाएगी स्वच्छता रैली

**सीहोर।** देश के स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-2025 के नतीजे गुरुवार को घोषित किए गए थे। जिसमें नगर के नागरिकों और नगर पालिका के अमले के द्वारा जो परिणाम आए है, उससे चारो तरफ हर्ष की लहर व्याप्त है। स्वच्छता रेंकिग में देश के दूसरे नंबर की नगर पालिका के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त होने के अवसर पर शनिवार को दोपहर बारह बजे स्वच्छता रैली का शुभारंभ शहर के कोतवाली चौराहे से किया जाएगा। इस मौके पर क्षेत्रवासियों के अलावा सभी जनप्रतिनिधि और नगर पालिका अमला साथ रहेगा। नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने सभी नगरवासियों और सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों से रैली में शामिल होने की अपील की। जानकारी के अनुसार रैली दोपहर में शहर के कोतवाली चौराहे से तहसील चौराहे पर पहुंचेगी, जहां पर अब स्वच्छता के मामले में देश के नंबर आने का संकल्प लिया जाएगा। स्वच्छता रेंकिग में नंबर वन लाने के लिए नगर पालिका ने वार्डो में स्वच्छता रैलियां निकालकर लोगों को स्वच्छता तथा कूड़ा प्रबंधन में सहयोग के लिए जागरुक करने का अभियान शुरू कर दिया है।

### छह अगस्त को निकाली जाएगी भव्य कांवड़ यात्रा

**सीहोर।** इस साल भी शहर के सीवन नदी के तट से लेकर सुबह और शाम को कांवड़ियि दिख रहे हैं। इसके अलावा कांवड़ यात्रा को लेकर भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। वहीं क्षेत्रवासियों, जिला प्रशासन और विठलेश सेवा समिति द्वारा आगामी छह अगस्त को निकाली जाने भव्य कांवड यात्रा को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही है। देश के इतिहास में शहर में निकाली जाने वाली कांवड यात्रा में लाखों की संख्या में कांवड यात्री शामिल होते है। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में आगामी प्रदोष काल में निकाली जाने वाली इस कांवड यात्रा में पूरे देश भर के श्रद्धालु शामिल रहेंगे। सीवन नदी तट से कुबेरेश्वरधाम तक जाने वाली भव्य कावड़ यात्रा को लेकर धाम से लगे आधा दर्जन से अधिक ग्रामों के ग्रामीणों की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। कावड़ यात्रा अपने आप में एक भव्य यात्रा रहेगी। इसमें लाखों की संख्या में कांवड़िए शामिल होंगे। भगवा कपड़े पहने भक्तों के कंधे पर कांवड़ होगी। बोलबम के नारे के साथ कावड़िए शहर की जीवनदायनी सीवन नदी के तट पर पहुंचकर उसके पश्चात जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगे। करीब 11 किलोमीटर से अधिक भव्य कावड़ा यात्रा का ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा। कावड़ यात्रा के दौरान भगवान शिव का भव्य जलाभिषेक किया जाएगा।

## हरदा मामले को लेकर करणी सेना ने सौंपा ज्ञापन, जांच करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बीते दिनों हरदा में करणी सैनिकों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार को करणी सैनिकों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की है।

करणी सेना जिलाध्यक्ष ईश्वर सिंह चौहान ने बताया कि सीएम के नाम सौंपे गए ज्ञापन में करणी सैनिकों ने बताय कि हरदा जिले में एक वर्ष पूर्व हीरा खरीद से जुड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया था, जिसमें आशीष राजपूत द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी. उन्होंने मोहित एवं उमेश नाम के व्यक्तियों पर गंभीर आरोप लगाए थे। इस शिकायत पर एफआईआर दर्ज हुइ थी तथा आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था, परन्तु बाद में उन्हें पर्याप्त कार्यवाही के ही छोड़ दिया गया। जबकि इस मामले में पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ किए जाने की गुहार लगाई थी, बावजूद फरियादी को थाने में अपमानित किया गया तथा पुलिस द्वारा अभद्रता कर लाठीचार्ज किया। इसके बाद पीड़ित पक्ष को ही गिरफ्तार कर लिया गया, जिसकी वजह से आमजनों में आक्रोश फैल गया। श्री चौहान ने बताया कि करणी सेना द्वारा सौंपे गए इस ज्ञापन के दौरान सर्व समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

#### राष्ट्रीय अध्यक्ष पर किया हमला

करणी सैनिकों ने बताया कि हरदा में पीड़ित पक्ष के समर्थन में आमजनों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा था। इस धरना प्रदर्शन को समाप्त करने के लिए प्रशासन द्वारा करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष को हरदा बुलाया, जैसे ही जीवन सिंह शेरपुर हरदा पहुंचे उन पर लाठीचार्ज करते हुए हमला कर दिया, जिससे हरदा प्रशासन की मंशा स्पष्ट उजागर हो गई।

#### छात्रावास में बर्बरता

ज्ञापन के माध्यम से करणी सैनिकों ने बताया कि हरदा में राजपूत छात्रावास पर भी पुलिस द्वारा हमला किया गया। छात्रों पर लाठीचार्ज किए गए, इस बर्बरता का नजारा पूरे देश ने देखा है। छोटी-छोटी बच्चियों से मारपीट की गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक है। करणी सैनिकों ने मांग की है कि करणी सेना के जिन निर्दोष लोगों पर मामला दर्ज किया है, उसे वापस लिया जाए। मामले में दोषी पुलिस अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए।

### कलेक्टर ने एनआईएमएचआर, संकल्प वृद्धाश्रम और नशामुक्ति केंद्र का किया निरीक्षण

# अपने जीवन से हम नशे को लत खत्म करके कर सकते हैं एक स्वस्थ समाज का निर्माण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. ने सीहोर स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान, संकल्प वृद्धाश्रम और नशामुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थानों के स्टॉफ से चर्चा की और यहां संचालित सेवाओं की गुणवत्ता, व्यवस्थाओं और सुविधाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान (एनआईएमएचआर) के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों और स्टॉफ के साथ बैठक आयोजित कर संस्थान की कार्यप्रणाली की जानकारी ली और रोगियों को और बेहतर वातावरण देने के लिए कुछ अहम सुझाव भी दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. को जानकारी दी गई कि यह भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता



मंत्रालय के अधीन संचालित एक संस्थान है। यह देश का पहला ऐसा संस्थान है जो मानसिक रोगों से पीड़ित व्यक्तियों के पुनर्वास, शिक्षा, प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों में विशेष भूमिका निभा रहा है। यहाँ पर मनोचिकित्सक, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, समाजसेवी कार्यकर्ता, ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट और अन्य विशेषज्ञों की सेवाएं उपलब्ध हैं। इसके साथ ही इस संस्थान में पुनर्वास संबंधी अनेक पाठ्यक्रम भी संचालित हैं। संकल्प वृद्धाश्रम एवं नशामुक्ति केंद्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने यहां निवासरत वृद्धजनों से संवाद किया और उनसे चर्चा कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने संस्थान में बुजुर्गों की देखभाल, स्वास्थ्य सेवाएं, मनोरंजन और सामाजिक सहभागिता के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंनें नशामुक्ति केंद्र में रह रहे व्यक्तियों से भी संवाद किया और नशे को त्यागने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, नशे से स्वयं एवं अपने समुदाय को बचाएं। नशे को खत्म करके एक स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि संस्थानों में निवासरत प्रत्येक व्यक्ति को गरिमा पूर्ण जीवन, समुचित देखभाल और मानसिक संबल मिल सके, इसके लिए निरंतर प्रयास किए जाएं। निरीक्षण के दौरान सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उप संचालक महेश यादव, एनआईएमएचआर के डॉ अंकित चौधरी, आरके नागर, अभिषेक मिश्रा, डॉ नित्यानंद, संकल्प वृद्धाश्रम के राहुल सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं स्टॉफ उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत झरखेड़ा में हुए भारी भ्रष्टाचार के दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**सीहोर।** शुक्रवार को जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर बालागुरु के. के नाम संबोधित एक ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पंकज शर्मा ने सीहोर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत झरखेड़ा के भ्रष्टाचारी पूर्व सरपंच पति और तत्कालीन सचिव पर भ्रष्टाचार के पूरे सबूत होने के बावजूद अब तक मुकदमा कायम ना किए जाने पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सीहोर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत झरखेड़ा के पूर्व सरपंच पति और तत्कालीन सचिव पर शासकीय जमीन को खुर्द-बुर्द करने के मामले में तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी द्वारा जांच कराई गई थी, जिसमें उनको भ्रष्टाचार करने का दोषी पाया गया था और तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ तिवारी ने सीहोर जनपद पंचायत सीईओ नमिता बघेल को उक्त भ्रष्टाचारी पूर्व सरपंच पति पर मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश भी दिए गए थे लेकिन बघेल द्वारा अब तक इस मामले में उक्त भ्रष्टाचारी पूर्व सरपंच पति के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं कराया गया है, जो कि वरिष्ठ अधिकारी के आदेश की खुली अवहेलना है, साथ ही इस मामले में जनपद पंचायत सीईओ नमिता बघेल द्वारा जानबूझकर दोषियों को बचाए जाने से उनकी इस सब में संलिप्तता होने और उनके द्वारा आरोपियों से लाभ प्राप्त करने की भी पूर्ण संभावना है। पंकज शर्मा ने इस मामले में तत्काल इस भ्रष्टाचारी पूर्व सरपंच पति और तत्कालीन सचिव के खिलाफ मामला दर्ज करवाकर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग कलेक्टर से की है। साथ ही उन्होंने इस पूरे मामले में सीहोर जनपद सीईओ नमिता बघेल की भूमिका की भी जांच कराने और दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग कलेक्टर बालागुरु के. से की है।

## खबर संक्षेप

### समग्र पोर्टल में आधार ई-केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जाएगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जाएगी। विभाग द्वारा संचालित सभी पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का भी आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें। हितग्राहियों तक ई-केवायसी सुविधा पहुंचाने के लिए समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र में संचालित सेवा प्रदाता एजेंसी और जिला/ सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधकों से समन्वय कर ग्राम पंचायत या वार्ड स्तर पर शिविर लगा कर अधिक से अधिक हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें।

### यात्रा 23 जुलाई को सीवन व पार्वती के जल से भगवान महाकाल के अभिषेक के साथ उज्जैन में संपन्न होगी

# सीहोर से महाकाल सेवा संकल्प पदयात्रा का श्रीगणेश

## यात्रा करीब 160 किलोमीटर की पदयात्रा करेगी

शुक्रवार सुबह रूद्राभिषेक पूजा के साथ शहर के प्रसिद्ध गणेश मंदिर से यात्रा आरंभ की गई। यह यात्रा आगामी 23 जुलाई को सीवन और पार्वती के जल से भगवान महाकाल के अभिषेक के साथ उज्जैन में संपन्न होगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




शहर से लगातार तीसरी बार क्षेत्र में अच्छी बारिश, गाय, गांव, गरीब की सेवा और जनकल्याण की मंगल कामना क्षेत्र की खुशहाली को लेकर महाकाल सेवा संकल्प पदयात्रा महाकाल उज्जैन प्रारंभ हुई। पदयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा के पहले भगवान गणेश का विधि विधान से पूजा अर्चना कर आर्शीवाद ग्रहण किया।

इस दौरान पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, पंडित मोहित राम पाठक, यात्रा में शामिल प्रमुख रूप से आशीष गहलोत, करणी सेना परिवार के ईश्वर सिंह चौहान, राजाराम कसोटिया, ब्लाक अध्यक्ष निशांत वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष संतोष पटेल, घनश्याम मीणा, मनोज पटेल, बृजेश पटेल, विवेक राठौर, घनश्याम यादव, सेवा यादव, राजेश बोयत आदि शामिल थे। यात्रा शहर के प्रसिद्ध गणेश मंदिर से सुबह नौ बजे आरंभ हुई। इसके पश्चात शुगर फैक्ट्री माता मंदिर, त्यागी बाबा आश्रम, पंचमुखी हनुमान मंदिर, कालका मंदिर पान चौराहा, छावनी स्थित सब्जी मंडी श्री सिद्ध हनुमान मंदिर, चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर, पिपलेश्वर महादेव मंदिर, मनकामेश्वर महादेव मंदिर, गंगेश्वर महादेव मंदिर नदी चौराहा, कुबेरेश्वर महादेव मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना के बाद जताखेड़ा, अमलाहा और कोठरी आदि होते हुए उज्जैन के महाकाल मंदिर पहुंचेगी। यात्रा में बड़ी संख्या में शहर सहित आस-पास के शिव भक्त शामिल थे। शुक्रवार को पदयात्रा के संयोजक आशीष गहलोत और करणी सेना परिवार के ईश्वर सिंह ठाकुर का पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, शैलेन्द्र पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, पंडित मोहितराम पाठक ने स्वागत किया। शहरी क्षेत्र के पश्चात शहर के राधेश्याम विहार कालोनी में लगे भव्य पंडाल में जिला संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी आदि शामिल थे। वहीं मैन रोड पर मनोज दीक्षित मामा, हरीश मोटवानी, विष्णु संघानी, अजय रायकवार, राजेश बोयत, विनीत गोयल, संतोष पटेल सरपंच, कालू शर्मा, दिनेश भैरवे, हेमंत बैस दरबार, नरेन्द्र सिंह बैस, वंश चौहान, राजेश पटेल, जसरत सिंह और उघम सिंह ठाकुर आदि शामिल थे।

शुक्रवार सुबह रूद्राभिषेक पूजा के साथ शहर के प्रसिद्ध गणेश मंदिर से यात्रा आरंभ की गई। यह यात्रा आगामी 23 जुलाई को सीवन और पार्वती के जल से भगवान महाकाल के अभिषेक के साथ उज्जैन में संपन्न होगी। भगवान गणेश मंदिर, जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के साथ कोठरी, आष्टा, जावर, देवास से होते हुए उज्जैन पहुंच जाएगी।

महाकाल मंदिर में ध्वजारोहण, सहस्त्रधारा महारूद्राभिषेक, महाआरती के साथ प्रसादी का वितरण होगा। पदयात्रा का आयोजन युवा समाजसेवी आशीष गेहलोत, करणी सेना के जिलाध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर सहित अन्य के द्वारा की जाएगी। पदयात्रा का उद्देश्य जनकल्याण की भावना, क्षेत्र में समृद्धि, खुशहाली रहे और अच्छी बारिश के अलावा नवीन फसल की अच्छी कामना को लेकर की जा रही है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए श्री गेहलोत ने बताया कि जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर और प्रसिद्ध गणेश मंदिर देश के श्रद्धालुओं में प्रसिद्ध है, इसलिए इन मंदिरों से पदयात्रा का श्रीगणेश किया गया है। सुबह विशेष पूजा अर्चना और अभिषेक के साथ यात्रा करीब 160 किलोमीटर पदयात्रा करेगी।

### यह श्रद्धालु शामिल

महाकाल सेवा संकल्प पदयात्रा आशीष गेहलोत, ईश्वर सिंह ठाकर, बबलू सिंह ठाकुर, अमृत लाल मेवाड़ा, हरीश चंद्र आर्य, प्रकाश नागर, मीतेश कुमार राठौर, ईश्वर सिंह सिसोदिया, नितिन महेश्वरी, नरेन्द्रसिह चंद्रभान, मनोहर सिंह परमार, महेश सिंह परमार, सुरेश सिंह परमार, हर्षित परमार, कमलेश परमारRA, विश्वजीत सिंह ठाकुर, भूपेन्द्र सिंह राजपूत शामिल हैं।

## जगदीश मंदिर में किया जाएगा पौधारोपण



**सीहोर।** शहर के मध्य में स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर में आगामी दिनों में पौधा रोपण के साथ ही भव्य टीन शेड का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाएगा।

मंदिर में लाखों की लागत से पेवर ब्लॉक लगाए गए है और गत दिनों जगदीश यात्रा निकाली गई थी, शुक्रवार को जगदीश यात्रा चल समारोह के अध्यक्ष सुरेश गब्बर परमार ने यहां पर किए जा रहे निर्माण कार्य आदि पर चर्चा की। अध्यक्ष श्री परमार ने बताया कि परमार समाज के चंदर सिंह मंडलोई और पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम पटेल सहित निर्माण समिति की ओर से लंबे समय से मंदिर परिसर में विकास कार्य किए जा रहे है। आगामी दिनों में मंदिर में पौधा रोपण भी किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक लगाने और पौधारोपण करना, दोनों ही मंदिर की सुंदरता और पर्यावरण संरक्षण में योगदान करते हैं। पेवर ब्लॉक से मंदिर परिसर में एक साफ और व्यवस्थित रास्ता बनता है, जबकि पौधारोपण से हरियाली और शांति का वातावरण बनता है। परमार समाज के राज गुरु 232 मंदिरों के जीर्णोद्धार व अखिल भारतीय धर्म संघ के अध्यक्ष ब्रह्मलीन श्री 1008 पंडित काशीप्रसाद कटारे की प्रेरणा से इस मंदिर का जीर्णोद्धार सन 1961 में परमार समाज ने किया था।

अब मंदिर निर्माण समिति के द्वारा लाखों का निर्माण किया जा रहा है। मंदिर में परमार समाज की ओर से समाज के शिव परमार, विष्णु परमार, जेपी परमार आदि ने बताया कि शीघ्र ही पौधा रोपण का कार्य किया जाएगा।

## पोषण आहार किट दी, 6 माह तक निक्षय मित्रों की करेंगे देखरेख



**भैरूंदा।** ग्रामीण क्षेत्र के 72 और शहरी क्षेत्र के 12 टीबी मरीजों को अधिकारियों ने निक्षय मित्र बनाकर गोद लिया है। अगले छह माह तक अधिकारी मरीजों के घर जाकर पोषण आहार किट देंगे। गुरुवार को एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी, एसडीओपी रोशन जैन, सीबीएमओ डॉ. मनीष सारस्वत, थाना प्रभारी घनश्याम दांगी और तहसीलदार संदीप गौड़ ने मरीजों के घर पहुंचकर किट बांटे।कलेक्टर बालागुरु के. ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि वे मरीजों के घर जाकर पोषण किट दें। इसके बाद गुरुवार को अधिकारी मिलन गार्डन, बजरंग कुटी, नर्मदा कॉलोनी, शंकर बिहार कॉलोनी और ग्रामीण इलाकों में पहुंचे। यहां मरीजों को किट बांटे गए। इस दौरान टीबी यूनिट सुपरवाइजर गौरीशंकर पुष्प और मनीष शर्मा भी मौजूद रहे। दोनों ने अभियान के तकनीकी पहलुओं और मरीजों की देखभाल से जुड़ी जानकारी साझा की।

## नशा मुक्ति अभियान का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी




शुक्रवार को मप्र पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे अभियान नशे से दूरी है कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सीहोर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर के निर्देशन में एवं एसडीओपी बुधनी के मार्गदर्शन में थाना रेहटी क्षेत्रांतर्गत सलकनपुर के आसपास की झुग्गी बस्तियों में थाना प्रभारी रेहटी एवं थाना रेहटी स्टाफ के द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया एवं जिसमें युवाओं को नशा मुक्ति अभियान के प्रति जागरूक किया व वार्ड में फ्लेक्स लगवाए गए एवं पोस्टर बाटे गए एवं नशा मुक्ति के लिए कार्य करने के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में लगभग 50-60 लोग उपस्थित रहे।

## पर्यटन का शौक पड़ा महंगा, पुलिस ने की चालानी कार्रवाई



**बुधनी।** दिगंबर वॉटरफॉल पर प्रतिबंध के बावजूद बारिश का लुत्फ उठाने पहुंचे दर्जन भर लोगों को संयुक्त कार्यवाही में पकड़ा गया है। उल्लेखनीय है कि पुलिस, प्रशासन द्वारा घटना दुर्घटनाओं के मद्देनजर ऐसे स्थानो पर जाना प्रतिबंधित किया गया है इसके लिए बाकायदा चेतावनी के बोर्ड भी लगाए गए हैं और मीडिया माध्यम से भी लोगों को सूचित किया गया है एसडीएम दिनेश सिंह तोमर तथा एसडीओपी रवि शर्मा ने भी इन स्थानों पर पहुंच कर लोगों से प्रतिबंधित क्षेत्र में नहीं जाने की अपील की थी, लेकिन बावजूद इसके शुक्रवार को राजस्व, पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त कार्यवाही में दिगंबर वॉटरफॉल के पास पांच मोटर साइकिल सहित दर्जन भर लोगों को पकड़ा गया है इन पर पुलिस ने चालानी कार्यवाही की है।

## नशा मुक्ति जनजागरुकता अभियान के तहत स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता की गई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा 15 जुलाई से 30 जुलाई तक आयोजित 15 दिवसीय नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन मे कोतवाली थाना स्टॉफ द्वारा आवासीय खेल कूद परिसर भोपाल नाका, सीहोर में नशा मुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम के दौरान सभी छात्रों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव, नशा एक सामाजिक बुराई के संबंध में जानकारी व व्यापक जन संवाद किया गया एवं नशा मुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446 का प्रचार प्रसार किया गया। सभी बच्चों, शिक्षकगणों, को पमप्लेट व पोस्टर का वितरण किया गया एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में थाना प्रभारी कोतवाली रवीन्द्र यादव, सूबेदार प्राची राजपूत, प्रधान आरक्षक पंकज यादव, आरक्षक अंकुर साहित आवसीय खेल कूद परिसर के प्रचार्य आलोक शर्मा, अभिषेक भार्गव, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एव पुनर्वास केंद्र, सीहोर से साधना वाजपेई, मंशी शर्मा, प्रतीक्षा समाधिया, सुनैना वर्मा, संदीप जंगले 40 छात्र उपस्थित रहे।

## सफाई कर्मचारियों ने की वेतन की मांग



**इछावर।** वाल्मीकि युवा संगठन जिला सीहोर द्वारा शुक्रवार को इछावर में समस्त सफाई कर्मचारियों के साथ राहुल वाल्मीकि जितेंद्र सिंघन बबलू पवार ध्रुव तंबोली संजय लोट के नेतृत्व में नगर पंचायत इछावर में सीएमओ के समक्ष राहुल वाल्मीकि द्वारा सभी कर्मचारियों के वेतन को लेकर बात की, जिसमें बताया गया कि अभी तक वहां वेतन नहीं दिया गया। सभी कर्मचारियों के लोन चल रहे है उनकी सिविल खराब हो रही है बच्चों के स्कूल कोर्स फीस में परेशानी आ रही है तत्काल सभी कर्मचारियों को वेतन दिया जाए। नगर पंचायत सीएमओ द्वारा तत्काल वेतन देने का आदेश दिया ओर वाल्मीकि युवा संगठन की मांग को स्वीकार किया।

## पद यात्रियों का रेहटी नगर आगमन पर हुआ स्वागत

**रेहटी।** नगर रेहटी के युवा रितिक चौहान एवं हरदा निवासी अभिषेक यदुवंशी का रेवती नगर आगमन पर नगर वासियों द्वारा स्वागत किया गया। लगभग 600 दिन पूर्व या दोनों ने अयोध्या से पैदल चारों धाम की परिक्रमा एवं 12 ज्योतिर्लिंग के पैदल दर्शन करने के पश्चात आज रेहटी पहुंचे तो यहां पर नगर वासियों द्वारा उनका स्वागत किया गया।



नए बस स्टैंड से स्वागत यात्रा प्रारंभ की गई जो नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई बजरंग मंदिर पहुंची जहां पर सभी सामाजिक संगठन के द्वारा स्मृति चिन्ह एवं फूल माला से दोनों युवक का स्वागत किया गया एवं सम्मान किया गया। रितिक चौहान ने बताया कि हमारे मन में प्रेरणा हुई कि हम लोग पैदल ही चारों धाम की यात्रा एवं 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करेंगे इस दौरान हमें कुछ मुश्किलें भी आई लेकिन हमने हिम्मत नहीं आ रही और लगभग 600 दिन की इस यात्रा को आज हमने पूर्ण किया। इस मौके पर रेहटी नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र मीना पटेल, राज्य सिलाई कला बोर्ड के अध्यक्ष मनोहर लाल महेश्वरी, वरिष्ठ भाजपा नेता रामगोपाल ट्रेलर भारतीय जनता पार्टी मंडल सलकनपुर के अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, बजरंग मंदिर समिति के अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी, राजीव शर्मा ओमप्रकाश महेश्वरी नंदकिशोर सैनी, हरीश कुलकर्णी सहित बड़ी संख्या में नगर वासी के द्वारा सम्मानित किया गया।

### सभी पात्र बच्चों को दिलाएं बाल आशीर्वाद योजना का लाभ : कलेक्टर

# कलेक्टर ने की महिला व बाल विकास विभाग की गतिविधियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. ने बैठक आयोजित कर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों को विभाग की योजनाओं का लाभ दिलाया जाए, कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक विभाग की योजनाओं का बेहतर संचालन करें। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया जाए।



बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे सभी पात्र और जरूरतमंद बच्चों का सर्वे किया जाए, जिनके माता-पिता नही हैं और उन्हें पात्रतानुसार मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना का लाभ दिलाया जाए। बैठक में उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के लिए पोषण संबंधी जानकारी की पेंटिंग कराने और बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के लिए निरंतर कार्य करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बुधनी एवं भैरूंदा में प्राप्त लाडली लक्ष्मी योजना के आवेदनों को 15 दिवस में निराकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने भी संबंधित अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी में दर्ज गर्भवती धात्री महिलाओं को टीएचआर (टेक होम राशन) देने में तीन से छः वर्ष के बच्चों को शत प्रतिशत गर्म पका हुआ भोजन प्रदाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी टीएचआर हितग्राहियों की ईकेवाईसी कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों को दुबलेपन, कम वजन एवं कुपोषण से बचाने के लिए तथा सभी बच्चों को सामान्य पोषण स्तर में लाने के लिए विशेष कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए संचालित होने मुख्यमंत्री बाल आर्शीवाद योजना, मुख्यमंत्री कोविड-19 योजना, पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना के हितग्राही बच्चों का निरंतर फॉलोअप किया जाए। उन्होंने पीएम मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, पोषण योजना, पीएम केयर फार चिल्ड्रन योजना, बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री बाला आशीर्वाद योजना, स्पॉनसरशिप एवं फास्टर केयर, मिशन वात्सल्य, मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम सहित सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेश कुमार खरे ने जिले में चल रही महिला एवं बाल विकास विभाग की गतिविधियों के बारे में अवगत कराया।

## कलेक्टर ने किया आईटीसी फाइबर इनोवेशंस लिमिटेड यूनिट का निरीक्षण



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के. ने सीहोर के बड़ियाखेड़ी स्थित आईटीसी फाइबर इनोवेशंस लिमिटेड की निर्माण इकाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के इस निर्माण इकाई द्वारा संचालित सभी गतिविधियों और निर्माण प्रक्रिया का अवलोकन किया और विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. को जानकारी दी गई कि यह इकाई मोल्डेड फाइबर पैकेजिंग उत्पाद बनाती है, जो प्लास्टिक के पर्यावरण अनुकूल विकल्प के रूप में कार्य करते हैं। निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि आईटीसी फाइबर इनोवेशंस लिमिटेड की यह यूनिट 200 से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान कर रही है और जिले में हरित निर्माण को बढ़ावा दे रही है। कलेक्टर बालागुरू के. ने कंपनी की कार्य संस्कृति, पर्यावरणीय दृष्टिकोण, नवाचार, सुरक्षा व्यवस्था एवं पूरी निर्माण प्रक्रिया को देखा और फैक्ट्री की उन्नत निर्माण प्रणाली, स्वच्छ कार्य वातावरण एवं सुव्यवस्थित प्रबंधन की सराहना की। निरीक्षण के दौरान जिला व्यापार उद्योग केंद्र महाप्रबंधक अनुराग वर्मा, फैक्ट्री प्रमुख एवी हरिकृष्णा, मानव संसाधन प्रमुख अमित शर्मा तथा ऑपरेशंस प्रमुख सुमित द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### एनएच-52 पर बामलाबे जोड़ के समीप गुरुवार को हादसा, ड्राइवर मृत

# यात्री बस में ट्रॉले ने पीछे से मारी टक्कर, एक की मौत, 25 घायल

## घायलों का हालचाल जानने अस्पताल पहुंचे राज्यमंत्री पंवार सहित एसपी, कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

शहर से होकर गुजरे हाईवे पर बीते एक पखवाड़े में आधा दर्जन से अधिक हादसे हो चुके हैं। गुरुवार सुबह फिर से हुए एक हादसे में ट्राले की टक्कर से यात्री बस पलटी मार गई। इस हादसे में राजगढ़ निवासी बस चालक की मृत्यु हो गई वहीं 25 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकतर विद्युत विभाग में काम करने वाले आउटसोर्स कर्मचारी हैं जिनका हाल ही में राजगढ़ से ब्यावरा ट्रांसफर किया गया था।

बामलाबे जोड़ पर हुए इस हादसे के तुरंत बाद आसपास एकत्रित लोगों सहित पुलिस ने सभी घायलों को ईलाज के लिए तुरंत ब्यावरा चिकित्सालय भिजवाया। ब्यावरा सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार उपरान्त 12 घायलों को राजगढ़ जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं कुछ गंभीर घायल भोपाल भी रेफर किए गए हैं। दुर्घटना की खबर मिलते ही राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, एसडीएम गीतांजली शर्मा सिविल अस्पताल पहुंची और घायलों के त्वरित ईलाज की व्यवस्था करवाई। राज्यमंत्री श्री पंवार ने घटनास्थल का भी निरीक्षण करते हुए पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही घायलों का हाल-चाल जानने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं एसपी अमित तोलानी भी जिला चिकित्सालय पहुंचे।



### हाइवे पर निर्मित ब्रेकर बने हादसे की वजह

जानकारी के अनुसार साईंकृपा टैवल्स की बस गुरुवार सुबह करीब 9.30 बजे राजगढ़ से ब्यावरा जा रही थी। बस में कईं यात्री सवार थे। बस के बामलाबे जोड़ पहुंचने पर हाईवे पर बने स्पीड ब्रेकरों को देख बस चालक ने बस को धीमे किया। इस दौरान पीछे से अंध गति से आ रहे भारी वाहन ने बस में टक्कर मार दी जिसके चलते बस पलटी खा गई। बस के नीचे दबने से चालक छोटेलाल मेवाड़े निवासी पचोर हाल मुकाम राजगढ़ की मृत्यु हो गई वहीं अन्य यात्री घायल हो गए।

### 25 घायल जिनमें से 12 राजगढ़ रेफर

इस दुर्घटना में लगभग 25 लोग घायल हुए हैं जिनका प्राथमिक उपचार ब्यावरा में किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद 12 घायलों को राजगढ़ जिला अस्पताल रेफर किया गया वहीं अन्य का ईलाज ब्यावरा में ही जारी है वहीं कुछ घायल भोपाल रेफर किए गए हैं। राजगढ़ जिला चिकित्सालय में ईलाजरत घायलों में सुनील पिता रमाकांत तिवारी निवासी सतना, वसीम पिता बशीर खान निवासी राजगढ़, मंजू पत्नी जीतेंद्र वर्मा, पवन पिता राजेश नामदेव राजगढ़, सुनील पिता रमेशचंद्र मेवाड़े निवासी राजगढ़, लोकेंद्र पिता खेमचंद जाटव निवासी दाताग्राम, अभिजीत पिता पवन मेवाड़े निवासी नागर मोहल्ला राजगढ़, मोहम्मद इकबाल पिता हाफिज निवासी गंज राजगढ़, सत्यनारायण नामदेव नागर मोहल्ला राजगढ़, फेजल खान निवासी पीटी कंपनी राजगढ़, राकेश वर्मा निवासी बाराद्धारी राजगढ़, अभिषेक पिता जीवन बनावड़े निवासी राजगढ़ शामिल हैं।

# नगर के सेवाभावी गोवंश को हादसे से बचाने के लिए लगा रहे रेडियम पट्टी

## युवाओं की अनूठी पहल, सड़कों पर ढूंढ रहे मवेशी



**राजगढ़।** बारिश के इस मौसम में नगर की सड़कों पर बेसहारा मवेशियों की संख्या रोजाना बढ़ती ही जा रही है। दरअसल, ग्रामीणजन अपनी फसलों को इन मवेशियों से बचाने उन्हें शहरी सीमा में छोड़कर जा रहे हैं। ऐसे में ये बेसहारा गायें व अन्य गौवंश हाईवे सहित अन्य सड़कों पर बैठ जाते हैं। रात के अंधेरे में सड़कों पर बैठे ये गौवंश वाहन चालकों को नजर नहीं आ पाते और इस कारण वे दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में इन गायों व अन्य गौवंश को हादसों से बचाने नगर के कुछ सेवाभावी युवकों ने पहल करते हुए गौवंश के सीगों पर रेडियम की पट्टियां लगाना शुरू किया है।

वाहनों की हेडलाईट रेडियम पट्टी पर पड़ने से उससे निकली चमक से ये गायें वाहन चालकों को दिख जाया करेंगी और मवेशियों के घायल होने की संभावना काफी हद तक रुक जाएगी। इन सेवाभावी युवकों की टीम में नयन विजयवर्गीय, कुलदीप सिंगी, दीपक शर्मा, चेतराम गुर्जर, नवीन राजपूत, लक्की, बिट्टा बना, यश सक्सेना, नवीन नामदेव, कुलदीप पिपलोटिया सहित अन्य युवक शामिल हैं। पशुओं के उपचार सहित रेडियम इत्यादि लगाने के इस पुनीत कार्य में नगर के कुछ प्रबुद्धजनों ने आर्थिक सहायता भी की है।

# पीएम आवास में गड़बड़ी, भाजपा-कांग्रेस पार्षद एकजुट

**सारंगपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 136 पात्र हितग्राहियों की सूची में अनियमितताओं को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के पार्षदों ने एक साथ विरोध दर्ज कराते हुए अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे को संयुक्त हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पार्षदों ने मांग की कि आवास योजना के हितग्राहियों की सूची में गंभीर गड़बड़ियों की वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त जांच टीम द्वारा पुनः स्थल निरीक्षण कर जांच की जाए। साथ ही, दावा-आपत्ति की समयसीमा को बढ़ाया जाए, ताकि वास्तविक पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ मिल सके। ज्ञापन में विशेष रूप से गरीब, निर्धन, वरिष्ठ नागरिक, विधवा महिलाएं, कर्मकार मंडल श्रमिक, सफाईकर्मी एवं दिव्यांगजनों को प्राथमिकता देने की मांग की गई है। पार्षदों ने उल्लेख किया कि राज्य शासन द्वारा 17 मार्च 2025 को जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार पात्रता की दोबारा समीक्षा कर आवास योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्षदों ने स्पष्ट कहा कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की जाती, तो जनआंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती भावना निलेश वर्मा पार्षद शकीला बी शफीक अंसारी पार्षद समीर मेव पार्षद नासेरा बी आशिक मंसुरी पार्षद दुर्गा बाई राठौर पार्षद मोहम्मद अली , पार्षद नाजो बी कमरुद्दीन कुरेशी, पार्षद इरफान अली, पार्षद राकेश पुष्पद पार्षद कमल शर्मा, पार्षद श्रीमती सिद्दी बाई बागवान पार्षद श्रीमती रुकमणी भानु लववंशी मौजूद थे।

### निकायों को मिली अलग-अलग रैंक

# स्वच्छता सर्वेक्षण में नरसिंहगढ़ रहा अव्वल तो ब्यावरा फिसड्डी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत पिछले दिनों विभिन्न एजेंसियों द्वारा कईं मापदंडों पर जिले के निकायों में स्वच्छता का परीक्षण करते हुए नंबर्स दिए थे। अलग-अलग कैटेगरी के तहत कुल 12 हजार के स्कोर में जिले के 14 निकायों ने राष्ट्रीय सहित राज्य स्तरीय रैंक में बेहतर रैंक पाई है। दोनों स्तरों पर नरसिंहगढ़ निकाय अव्वल तो ब्यावरा निकाय फिसड्डी साबित हुआ है। राष्ट्रीय रैंक के लिहाज से बात करें तो नरसिंहगढ़ को 23वीं रैंक, खिलचीपुर को 47वीं रैंक, सुठालिया को 48 वीं रैंक, राजगढ़ को 122 वीं रैंक, छापीहेड़ा को 148 वीं रैंक, जीरापुर को 159 वीं रैंक, तलेन को 166 वीं रैंक, सारंगपुर को 174 वीं रैंक, पचोर को 202 वीं रैंक, माचलपुर को 226 वीं रैंक, खुजनेर को 246 वीं रैंक, बोड़ा को 309 वीं रैंक, कुरावर को 344 वीं रैंक एवं ब्यावरा को 803 वीं रैंक हासिल हुई है।

### राज्य स्तर पर मिली यह रैंक

राज्य स्तरीय रैंक के हिसाब से नरसिंहगढ़ को 39 वीं रैंक, खिलचीपुर को 48 वीं रैंक, सुठालिया को वीं रैंक, राजगढ़ को 155 वीं रैंक, छापीहेड़ा को 117 वीं रैंक, जीरापुर को 194 वीं रैंक, तलेन को 136 वीं रैंक, सारंगपुर को 209 वीं रैंक, पचोर को 239 वीं रैंक, माचलपुर को 171 वीं रैंक, खुजनेर को 186 वीं रैंक, बोड़ा को 234 वीं रैंक, कुरावर को 261 वीं रैंक एवं ब्यावरा को 367 वीं रैंक हासिल हुई है।

# मॉडल स्कूल में छात्रों को साइकिल वितरण किया

**नरसिंहगढ़।** स्थानीय मॉडल स्कूल में आज शासन की योजना के तहत विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, स्कूल प्राचार्य व शिक्षकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक मोहन शर्मा ने विद्यार्थियों को साइकिल वितरित करते हुए कहा कि शासन की यह योजना विद्यार्थियों की शिक्षा में सहूलियत प्रदान करने हेतु बनाई गई है, जिससे दूर-दराज के छात्र-छात्राओं को स्कूल आने में परेशानी ना हो और वे नियमित रूप से पढ़ाई कर सकें। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र परमार, शिव वैध, सतेंद्र सिंह राठौड़, मुन्ना साहू सहित स्कूली स्टाफ, विद्यार्थी ओर अन्य मौजूद थे।

# उद्योगों के विस्तार और नीतिगत लाभों पर कार्यशाला का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

लघु एवं सूक्ष्म उद्योग मंत्रालय, मध्यप्रदेश एवं उद्योग विभाग राजगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को मांगलिक भवन सारंगपुर में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला राइजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (ताडच) योजना के अंतर्गत लघु उद्योग भारती के सहयोग से संपन्न हुई, जिसका उद्देश्य उद्यमियों को उद्योग विस्तार, सरकारी योजनाओं और डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने के फायदों से अवगत कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। आयोजन में लघु उद्योग भारती इकाई सारंगपुर के पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा,नपा सीएमओ ज्योति सुनेरे तथा विशेष अतिथि के रूप में उद्योग विभाग की महाप्रबंधक श्रीमती सीमा सोलंकी, असिस्टेंट मैनेजर रमेश साहनी, गोविंद मार्सकोले, महाविद्यालय प्रचार्या ममता खुईया सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। इसमें रवि वर्मा ने योजना के अंतर्गत मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी। वहीं दिल्ली म्क एवं स्म्ाछ टीम से आए हेमंत झा ने ळमड पोर्टल, उत्पाद पंजीकरण प्रक्रिया, सर्टिफिकेशन की आवश्यकता और उसके व्यवसायिक लाभों पर प्रकाश डाला। इसमें उद्यमियों, महिला प्रतिनिधियों व पदाधिकारियों की सहभागिता रही।

### पचोर में आबकारी की कार्रवाई

# 23 हजार रुपए मूल्य की 115 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त



**सारंगपुर।** राजगढ़ जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई जारी है। आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार विशेष अभियान के अंतर्गत बुधवार को पचोर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी लखन लाल ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी पवन टिकेकर के नेतृत्व में की गई। वृत्त सारंगपुर प्रभारी सौरभ कनासे द्वारा पचोर क्षेत्र में गश्त के दौरान संदिग्ध स्थलों पर दबिश दी गई। इस दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के अंतर्गत कुल 5 प्रकरण दर्ज किए गए। इन प्रकरणों में 115 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद की गई, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 23,000 आंकी गई है। इस कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक अंकित चैहान तथा आरक्षक शिवम पचाई, रत्नेश परिहार एवं दिव्यवंशी ने पर सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं वृत्त प्रभारी सौरभ कनासे ने बताया कि अवैध मदिरा के खिलाफ इस प्रकार की कार्यवाही भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी।

# पुलिया पर टक्कर, कार और एक्टिवा नीचे गिरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



हरिपुरा पुलिया के पास बुधवार की शाम एक कार और एक्टिवा की भिड़ंत हो गई। निवासी बालाजी इकोसिटी एक्टिवा सवार 28 वर्षीय ईशिता पुत्री अशोक श्रीवास्तव अपने मौसेरे भाई मोहित पुत्र डीके खरे बासौदा के साथ घर जा रही थी। तभी सामने आ रही कार से टक्कर हो गई। हरिपुरा पुलिया पर हुए इस एक्सीडेंट में कार और एक्टिवा दोनों नाले में जा गिरे। मौके पर निकल रहे राहगीरों ने घायलों को निकालकर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां से दोनों को भोपाल रेफर किया है। कार चालक की जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चला रहा व्यक्ति कार से निकलकर चला गया। कार और एक्टिवा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

# महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण



**नरसिंहगढ़।** स्थानीय महाविद्यालय परिसर में षएक पेड़ माँ के नामष अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एसडीएम सुशील कुमार एवं एसडीओपी राजीव चतुर्वेदी भी विशेष रूप से शामिल हुए।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. चेतन त्रिपाठी ने कहा कि यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है, बल्कि मां के प्रति सम्मान प्रकट करने का एक सुंदर माध्यम भी है।विधायक मोहन शर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी माँ के नाम एक पेड़ लगाना चाहिए ताकि पर्यावरण की रक्षा हो सके और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।इस मौके पर भरत झंवर, शिव वैध, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, सतेंद्र राठौड़, मुन्ना साहू, राजू जड़यिा, अभिषेक गुप्ता, ललित शर्मा, राजकुमार वर्मा सहित महाविद्यालयीन स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए और सभी ने मिलकर उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया।

# बाबा बैजनाथ महादेव की शाही पालकी यात्रा लेकर बैठक संपन्न

**नरसिंहगढ़।** बाबा बैजनाथ महादेव की शाही पालकी यात्रा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण महोत्सव को लेकर नगर के धर्मशाला हनुमान मंदिर प्रांगण में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक श्री मोहन शर्मा ने की।बैठक में आगामी आयोजन की रूपरेखा, पालकी यात्रा की भव्यता, सुरक्षा व्यवस्था, शोभायात्रा मार्ग पर भव्य स्वागत की तेयारियो को लेकर चर्चा की गई। इस दोरान आगामी 4 अगस्त चैथे सोमवार पर विधिविधान से शाही पालकी यात्रा परम्परागत रुप से निकालने का निर्णय लिया गया। इस दौरान शहर में 29 अगस्त से चार सितंबर तक स्टेडियम ग्राउंड में होने वाले सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक श्री शर्मा ने कहा कि आयोजन के लिए सर्वसम्मति से समितिया बनाकर आयोजन सम्पन्न किया जाएगा। इस मौके पर नगर के गणमान्य नागरिक, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव रखे और सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

### अतिथि शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, मांगों की उठी आवाज

# हमारे पास एंड्राइड मोबाइल ही नहीं है तो कैसे लगाएंगे ई-अटेंडेंस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नियमितीकरण सहित अपनी अन्य मांगों को लेकर बीते अनेकों सालों से आंदोलन प्रदर्शन करते आ रहे जिले के अतिथि शिक्षकों ने ई-अटेंडेन्स के प्रति अपना विरोध जाहिर किया है। अतिथि शिक्षक संघ के बैनर तले गुरुवार को जिले के अनेकों अतिथि शिक्षक मुख्यालय पहुंचे और नियमितीकरण की मांग सहित ई-अटेंडेन्स के विरोध स्वरूप मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार अनिल शर्मा को सौंपा।

प्रदेश उपाध्यक्ष सतेंद्र नागर एवं जिलाध्यक्ष जगदीश दांगी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि जब तक शासन हमें नियमित न करे तब तक हमारे शिक्षक एप पर ई-अटेंन्डेंस व्यवस्था को अतिथियों पर न थोपा जाए। अतिथियों ने बताया कि हम बहुत अल्प मानदेय पर विभाग में काम करते हुए जैसे-तैसे अपना गुजारा कर रहे हैं। अतिथि शिक्षकों के पास तो एन्ड्राइड मोबाइल नहीं है जिससे वे ई-अटेंडेन्स दर्ज कर सकें।

### 12 साल से किया जा रहा हमारा शोषण

ज्ञापन में उल्लेख है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने अतिथि शिक्षकों की महापंचायत के दौरान सभी अतिथि शिक्षकों को नियमित करने का वादा किया था। चुनाव के बाद भाजपा की सरकार आ गई लेकिन इसके बाद भी शासन और सरकार ने अपना वादा पूरा नहीं किया है। हमारी मांग है कि जल्द हमें नियमित करते हुए ई-अटेंडेन्स बंद किया जाए। इसमें संघ उपाध्यक्ष भारत तोमर, सौरभ शर्मा, गायत्री भिलाला, सोनाली सोनी, सलीम अंसारी, कुमेर सिंह, दिलीप तोमर, धनसिंह तंवर, राजकुमार, मनीष पाटीदार, बृजमोहन, घनश्याम सेन, जगदीश वर्मा, अनिल शर्मा सहित सैकड़ों अतिथि शिक्षक उपस्थित थे।

### अतिथियों ने सीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# कलेक्टर से मिले निजी स्कूल संचालक, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के बैनर तले जिले के निजी स्कूल संचालकों ने गुरुवार दोपहर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा से भेंट करते हुए उन्हें अपनी मांगों के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय एवं सचिव राकेश पांडे के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया कि सरकारी स्कूलों के शिक्षकों ने नियम विरुद्ध कोचिंगों का संचालन किया जा रहा है जिन पर कार्यवाही की जानी चाहिए ताकि विद्धान बेरोजगार रोजगार से लग सकें। ज्ञापन में ब्यावरा का हवाला देते हुए उल्लेख किया गया कि कुछ सरकारी स्कूलों ने अपने स्वयं के निजी स्कूल संचालित कर रखे हैं जिनमें बच्चों को डमी एडमीशन दिया जा रहा है और वे बच्चे दूसरी जगहों पर कोचिंग कर रहे हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल के नियमानुसार नियमित परीक्षा में विद्यार्थी की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है लेकिन डमी एडमीशन वाले बच्चों के दूसरे शहरों में कोचिंग करने के बाद भी उनकी शत-प्रतिशत उपस्थिति कुछ स्कूलों द्वारा दर्ज की जा रही है। डमी एडमीशन के कारण विद्यार्थी विभिन्न गतिविधियों, अनुशासन, खेल-कूद इत्यादि से वंचित रह जाते हैं। इसके साथ ही ब्यावरा एवं जीरापुर में कुछ सरकारी शिक्षक पार्ट टाईम निजी स्कूलों में पढ़ा रहे हैं, जिन पर रोक की आवश्यकता है।

### आरटीई की राशि जारी करने की भी मांग

एक अन्य ज्ञापन में मांग रखी गई कि वर्ष 2023-24में आरटीई के तहत एडमीशन वाली राशि हेतु सभी स्कूलों द्वारा प्रोपोजल तैयार कर नोडल अधिकारी से वेरीफिकेशन करवाया जा चुका है। इसका भुगतान 10 जुलाई तक किया जाना तो जो अभी तक नहीं हो पाया है। स्कूल संचालकों ने शीघ्र ही उक्त भुगतान करवाने की मांग रखी है।

**खबर संक्षेप**

## किसानों को दिया गया मधुमक्खी पालन के संबंध में प्रशिक्षण

**सीहोर।** उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा नेशनल बी कीपिंग हनी मिशन के तहत सीहोर स्थित आरएके कॉलेज में दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमिनार एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने किया। कार्यक्रम में लगभग 300 किसानों को मधुमक्खी पालन के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में किसानों को मधुमक्खी पालन, उनका जीवन चक्र, आर्थिक महत्व सहित अन्य बिंदुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही पैकेजिंग, विपणन, मधुमक्खी के छत्ते एवं कॉलोनियों के रख-रखाव के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में शासकीय योजना अंतर्गत अनुदान के संबंध में भी जानकारी दी गई। सेमिनार में डॉ. मोहम्मद यासीन, डॉ राजेश वर्मा, डॉ.दीपक कुशवाहा,डॉ आरके धाकड़ सहित अधिकारी एवं विशेषज्ञ उपस्थित थे।

## जिला पंचायत सीईओ ने किया निरीक्षण

**सीहोर।** जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पिपलनेर में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत बनाई मत्स्यबीज उत्पादक मालवा फिश हैचरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अमृत सरोवर तालाबों में मत्स्यबीज संचयन करने के निर्देश दिए। निर्देश दिए कि जिले को मत्स्यबीज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने प्रयास करे।

### पुराना भोपाल इंदौर मार्ग पर नवनिर्मित पार्वती पुल बना दुर्घटनाओं का केंद्र

# पुल पर रात में अंधेरा रहने से हो रहे सड़क हादसे, सड़क के बीचोंबीच बैठे रहते हैं मवेशी

### पार्वती पुल पर स्ट्रीट लाइट तो लगाई, लेकिन अब तक नहीं हुई चालू

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शहर में पुराना भोपाल इंदौर मार्ग पर पार्वती पुल पर 11 करोड़ की लागत से पुल बनकर तैयार है और 3 महीने से इस पर आवागमन भी चालू है लेकिन आश्चर्य की बात है कि दो विभागों पीडब्ल्यूडी और नगर पालिका की कागजी कार्रवाई पूरी नहीं होने के चलते नतीजा वाहन चालक भुगत रहे हैं। बता दे की शहर में पार्वती नदी पर बना पुल काफी जर्जर हो चुका था और सरकार ने पार्वती नदी पर नया पुल बनाया है और इस पर करीब 3 महीने पहले ट्रैफिक भी शुरू कर दिया लेकिन दो विभाग में आपस में समझय नहीं होने कारण अभी तक 8-10 दुर्घटनाएं हो चुकी है लेकिन उसके बाद भी कोई भी ध्यान देने को तैयार नहीं है कागजों में से पुल का उद्घाटन होना है लेकिन आनंद-खनन में इस पर ट्रैफिक शुरू कर दिया है जब से ही इस पुल पर सड़क दुर्घटनाएं हो रही है जो की चिंता का विषय।

### रात को रहता है अंधेरा

पार्वती पुल पर स्ट्रीट लाइट चालू नहीं होने से रात के समय अंधेरा रहता है नगर पालिका के जिम्मेदारों से बात की तो उनका कहना है कि अभी पार्वती पुल की स्ट्रीट लाइट हमारे हैंडोवर नहीं हुई है हमने पत्र व्यवहार किया है लेकिन इतने दिनों के बाद भी दोनों विभाग अंजान बने हुए हैं और उसका नतीजा पूरा शहर भुगत रहा है लगातार इस मार्ग पर सड़क हादसे हो रहे हैं पुल पर रात के समय अंधेरा होने से आपस में बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं इधर बारिश के समय मवेशी बैठे रहते हैं और अचानक वाहन चालक देख नहीं पाते हैं बीती रात को भी एक बाइक सवार मवेशी से टकराकर गंभीर घायल हो गया पिछले तीन महीने में यहां पर 10 से 12 सड़क हादसे हो चुके हैं और जिम्मेदार पत्र व्यवहार में ही लगे हुए हैं।

### शहर वासियों ने भी पार्वती पुल पर हो रहे सड़क हादसे पर चिंता जाहिर की थी

अलीपुर वासियों ने प्रशासन को सड़क हादसे के संबंध में एक ज्ञापन सोपा था और डिवाइडर लगाने की मांग की थी। नागरिक घनश्याम जांगड़ा, फैजुद्दीन ,पप्पू पांचाल ने बताया कि पार्वती पुल पर रात में अंधेरा रहता है नगर पालिका को स्ट्रीट लाइट चालू करनी चाहिए साथ ही अलीपुर से पुराना बस स्टैंड तक डिवाइडर लगाने चाहिए ताकि दुर्घटनाएं ना हो क्योंकि सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं जब से पार्वती पुल बना है तभी से हो रही है पार्वती पुल से लेकर अलीपुर चौराहे तक डिवाइडर नहीं है इस कारण सभी तेज रफ्तार में रहते हैं और आपस में दुर्घटना हो जाती।

### अभी पुल का लोकार्पण नहीं हुआ

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने बताया कि अभी पार्वती पुल नगर पालिका के हैंडोवर नहीं हुआ है इसका लोकार्पण होना है जल्दी स्ट्रीट लाइट चालू की जाएगी ट्रांसफार्मर रखा जा रहा है साथ ही मवेशी हटाने की भी कार्रवाई की जाएगी इधर सीएमओ विनोद प्रजापति से बात करनी चाहि तो उन्होंने कार्रवाई की बात कही है।

## दो अलग-अलग कार्रवाई में जब्त की सागौन

### पचास हजार की लकड़ी बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बरसात के मौसम में वनक्षेत्र में अतिक्रमण एवं अवैध कटाई की रोकथाम के लिये डी.एफ.ओ. अर्चना पटेल द्वारा नियमित रूप से मानसून गश्ती कार्य किये जाने हेतु निर्देश जारी किए। जिसके सफलत परिणाम भी देखने को मिल रहे, जिससे एक ओर जहां अतिक्रमणकारियों को मौका नहीं मिल रहा है। वहीं नियमित गश्ती कार्य से सागौन लकड़ी का अवैध परिवहन करने वालों के विरूद्ध भी प्रभावी कार्यवाही हो रही है। इसी कड़ी में बुधवार को वन विभाग की टीम को दो सफलता हासिल हुई है, जिसमें रात्रि के समय में गश्ती दल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बीट रमपुरा के कक्ष क्रमांक पी 158 में अज्ञात व्यक्ति द्वारा अवैध सागौन लकड़ी का परिवहन किया जा रहा है, जिसके बाद टीम द्वारा तुरंत मौके पर पहूँच कर उक्त व्यक्ति की घेराबंदी का प्रयास किया परंतु वन विभाग की टीम को देखकर उक्त व्यक्ति मोटरसायकिल एवं सागौन लकड़ी को वहीं छोड़कर भाग गया। रेंजर नवनीत झॉ द्वारा बताया गया कि मौके से सागौन इमारती 10 नग 0.327 घमी और एक मोटरसायकिल को जब्त कर वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जब्त वाहन और वनोपज का अनुमानित कीमत 30 हजार से अधिक है। इसी प्रकार वन विभाग की टीम को बुधवार दिन में गश्ती के दौरान दूसरी सफलता प्राप्त हुई जब मुखबिर द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर ग्राम गुराड़िया वाज्यात्य में आरोपी शिवनारायण पिता अनोखीलाल निवासी ग्राम गुराड़िया वाज्यात्य को अवैध सागौन की लकड़ी को चरपट बनाने समय विभाग द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। रेंजर नवनीत झॉ द्वारा बताया गया कि मौके से आरोपी के पास से सागौन इमारती 24 नग 0.418 घ.मी. लकड़ी को जप्त कर अरोपी के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया, जप्त वनोपज की अनुमानित कीमत 20 हजार आंकी गयी है। वन विभाग को मिली इस सफलता मुख्य रूप से परिक्षेत्र सहायक रोलागांव कुमेर सिंह चैहान, डिप्टी रेंजर शैलेष कुमार सिंह, वनरक्षक कपिल यादव, बहादुर सिंह ठाकुर, स्थायीकर्मी कैलाष वर्मा, समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र पटेल, सुरक्षा श्रमिक मुकेष, शेर सिंह, सईद खां, शरीफ खां, धन सिंह, अरूण आदि की भूमिका रही।

## महिलाओं ने निकाली कलश कांवड़ यात्रा



**आष्टा।** श्रावण मास महापर्व सनातन धर्मानुष्ठान पर शंकर मंदिर बाबा महाकाल जी के दिव्य धाम पर पंडित रामचन्द्र बैरागी की सानिध्यता व आचार्यत्व में कालिका माता मंदिर साचोरा कालोनी से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मातृत्व शक्तियों ने कलश कांवड़ यात्रा में शामिल होकर श्री भोलेनाथ जी का बोल बम भोले के नारे लगा कर वेदोक्त जलाभिषेक किया। आरती दर्शन प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर पंडित रामचन्द्र बैरागी, अमर सिंह मेवाड़ा पडयार, मोहन लाल पंडा, अचल सिंह मेवाड़ा, विमल मेवाड़ा, महेश मेवाड़ा, जगदीश मेवाड़ा, प्रशंशा बैरागी, हनु बैरागी, प्रणव बैरागी, केशर सिंह बागवान, सुरेश बागवान व सभी मातृत्व शक्तियों ने धर्म लाभ लिया।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

**आष्टा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था भीलखेड़ी सेक्टर कोठरी द्वारा ग्राम जाफराबाद में शासकीय हाई स्कूल प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत शीशम, पीपल ,नीम,के छायादार पौधों का रोपण किया गया कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी नवांकुर संस्था प्रभारी राधेश्याम वर्मा,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जाफराबाद के अध्यक्ष दूल्लू सिंह जाटव शिक्षक विजय जयसवाल चंद्रशेखर,वीरेंद्र सिंह पटवारी अरुण मेवाड़ा उपस्थित रहे विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी जी ने पौधेरोपण एक पेड़ मां के नाम अभियान का महत्व समझाया एवं ग्रामीणों की संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सब की जिम्मेदारी हे सभी ग्रामीण जन अधिक संख्या में पौधे लगाए एवं साथ ही पौधों की सुरक्षा करने का संकल्प ले ।

## स्कूलों के साथ गली-मोहल्लों और गांव में पुलिस दे रही नशे से दूर रहने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत अनुभाग आष्टा पुलिस द्वारा व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत 18 जुलाई को अनुभाग आष्टा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदया सुनिता रावत के मार्गदर्शन में अनुभाग आष्टा के थाना आष्टा, थाना पार्वती, थाना जावर एवं थाना सिद्दीकगंज द्वारा कस्बा आष्टा, अलीपुर, जावर, सिद्दीकगंज के स्कूल, झग्गी झोपडी, गंदी बस्ती, मोहल्लो और कस्बा क्षैत्र में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अभियान के अंतर्गत देल्ही वर्ल्ड पब्लिक स्कूल आष्टा, मे छात्र/छात्राओं, शिक्षकगण एवं स्कूल स्टाफ, बस ड्रायवर/ कंडेक्टर एवं पारदी मोहल्ला कोठरी, गडोलिया बस्ती जावर, सुशील नगर, इंदरा कॉलोनी, नाथ कॉलोनी सिद्दीकगंज एवं अन्य झुग्गी झोपड़ी एवं गंदी बस्तियो में पहुंचकर आमजन को एकत्रित कर नशे के दुष्परिणामों , नशा मुक्त जीवन के लाभ एवं शार्ट फिल्म / वीडियो/ रील दिखाकर दिखाकर, पोस्टर वितरित कर, बैनर लगाकर एवं कस्बा क्षेत्र में रैली निकालकर नशे को सामाजिक , मानिसक , आर्थिक एवं शारीरिक समस्या के रूप मे प्रदर्शित किया गया है एवं नशे के आदी लोगो को नशे की लत छुडवाने के लिये पुनर्वास केन्द्र एवं चिकित्सीय सहायता लेने की सलाह दी गयी एवं नशे से परिवार, समाज एवं राष्ट्र पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से भी अवगत कराया गया एवं हेल्पलाईन नम्बरो की जानकारी दी गयी एवं नशे के आदी लोगो को संकल्प दिलाकर समाज को पूर्णतः नशा मुक्त करने की शपथ दिलाई गई। झुग्गी झोपड़ी एवं गंदी बस्तियों के आपसपास गुटखा, तम्बाकू, बीडी ,सिगरेट एवं अन्य नशीले पदार्थो के विक्रेताओं को भी मादक पदार्थो के दुष्प्रभाव से अवगत कराकर जागरूकता का संदेश साझा किया । कार्यक्रम मे विघार्थी, शिक्षकगण, स्कूल स्टाफ , बस ड्रायवर,आमजन , पत्रकार बन्धु एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

## नशे से दूर रहने दी छात्र छात्राओं को जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

15 से 30 जुलाई तक चलाये जा रहे अभियान नशे से दूरी है जरूरी के तहत थाना श्यामपुर पुलिस द्वारा श्यामपुर के सांची ग्रुप आफ इंस्टिट्यूशन विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओ, शैक्षिक स्टाफ को नशामुक्त अभियान के बारे में बताया जाकर हर प्रकार के नशे से दूर रहने की सलाह दी गयी, एवं बताया कि वर्तमान में नशे के प्रभाव में ही अपराधो में बड़ोत्तरी हो रही है अगर मनुष्य नशे का त्याग करें तो उसका जीवन खुशहाल होगा एवं नशे से होने वाली बीमारियो से बचा जा सकता है।

जिससे व्यक्ति को आर्थिक व शारीरिक नुकसान नही होगा। अगर व्यक्ति नशे का त्याग करता है तो नशे की हालत में होने वाली दुर्घटनाओ से बचा जा सकता है एवं उपस्थित लोगो को नशामुक्त बनाने हेतु शपथ दिलायी गयी। नशामुक्त कार्यक्रम में उपनिरीक्षक अवनीश मौर्य सहित अन्य स्टाफ रहा।

## श्रावणी पूर्णिमा से गोगा नवमी तक सवा महीने होगी पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भाद्रपद माह में कृष्ण पक्ष की नवमी वाल्मीकि समाज का गोगा नवमी मुख्य त्योहार है। इस दिन वाल्मीकि समाज के लोग अपने आराध्य गोगा देव अर्थात जाहरवीर देव का जन्मोत्सव उत्साह पूर्वक मनाते है ।इस दिन नागों की पूजा का भी विधान है। इस वर्ष गोगा नवमी का चल समारोह 17 अगस्त 2025 को निकाला जायेगा । जाहरवीर गोगा जी राजस्थान के लोकदेवता माने जाते है। साथ ही सांपो का देवता मानकर उनकी पूजा की जाती है। श्रावणी पूर्णिमा से गोगा नवमी तक पूरे सवा महीने तक गोगा जी की पूजा अर्चना की जाती है। जाहरवीर गोगा जी के भक्त गोगा नवमी का त्योहार पूर्ण श्रद्धा और प्रेम से मनाते है। वीर गोगा देव समिति वाल्मीकि समाज हाथीखाना गोगा नवमी छड़ी निशान के अध्यक्ष शुभम सारवान एवं उपाध्यक्ष अमित सांगते ने बताया कि श्रावणी पूर्णिमा से गोगा नवमी तक नगर में छड़ी का जुलूस ढोल ढमाके के साथ निकाला जाता है। गोगा देव की पूजा-अर्चना भक्ति भाव के साथ की जाती है। इस वर्ष भी यह पर्व उत्साह पूर्वक मनाने के लिए समिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष शुभम सारवान, उपाध्यक्ष अमित सांगते,भगत अनिल सांगते ,बाबा नरवले पंडाजी,परमानंद सांगते, विजय सांगते, अशोक सांगते, विनोद सांगते, कमलेश सांगते, सोनू गेहलोत्रे, धर्मेन्द्र कंडारे, अमरदीप सांगते, राकेश सांगते,संतोष सारवान, हरिप्रसाद चावरिया, मनोज गेहलोत्रे, संजय गेहलोत्रे, देवीलाल नरवले, बंटी कंडारे, आनंद चावरिया, रवि चावरिया, वीरू गेहलोत्रे, अनिल चावरिया, दीपक नरवले, सुनील सांगते, भूरा सांगते, राहुल सांगते को बनाया गया।

## महिलाओं ने निकाली कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



ग्राम मेहतवाड़ा में सावन के महीने में पहली बार गांव की महिलाओं ने मिलकर कावड़ यात्रा निकाली, जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाएं शिव मंदिर में एकत्रित होकर ढोल धमाके के साथ देवांचल धाम देवबडला के लिए प्रस्थान किया। यात्रा का ग्राम में एवं रास्ते के गांव स्माइल खेड़ी, भाना खेड़ी, बिलपान कई जगहों पर कावड़ यात्रा में चल रही मातृशक्ति का स्वल्पाहार करवा कर फूलों से वर्षा कर स्वागत किया, मातृशक्ति के स्वागत में ग्राम भाना खेड़ी में विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों द्वारा सभी को स्वल्पाहार एवं जलपान कराकर स्वागत किया गया। पुरी यात्रा का मार्गदर्शन विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड सुरक्षा प्रमुख अर्जुन सिंह ठाकुर खेड़ी, खंड अध्यक्ष विजेंद्र सिंह बाबा ,नगर अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भाना खेड़ी एवं गांव के वरिष्ठ समाजसेवी विक्रम सिंह दरबार ने पूरी यात्रा की देखरेख एवं सुरक्षा की, यात्रा समापन पर सभी मातृशक्ति बहनों को वाहन व्यवस्था कर वहां से घर पहुंचने का कार्य भी संगठन के कार्यकर्ताओं ने किया।

### शासकीय कन्या शाला स्कूल में बच्चों को कॉपी का किया वितरण

# बच्चों में शिक्षा को प्रोत्साहित करने किए जा रहे प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




शासकीय कन्या शाला के विद्यार्थियो को शहर की एयू स्मॉल बैंक शाखा द्वारा शिक्षण सामग्री का का वितरण किया गया। एयू स्मॉल बैंक के शाखा मैनेजर संजय मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैंक द्वारा अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत शासकीय कन्या शाला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्रों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा को प्रोत्साहित करना और बच्चों को उनके शैक्षिक सफर में सहयोग देना है। इस कार्यक्रम में एयू शाखा बैंक प्रबंधक संजय मेवाड़ा ने इस अवसर पर कहा कि ए यू स्मॉल बैंक शिक्षा के महत्व को समझता है और हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हर बच्चे को आवश्यक शैक्षिक सामग्री प्राप्त हो। यह हमारा सामाजिक दायित्व है। इस अवसर पर शासकीय कन्या स्कूल के प्राचार्य और बीआरसी अजब सिंह राजपूत ने ए यू स्मॉल बैंक के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की। इस अवसर पर कन्याशाला स्कूल के प्राचार्य और बीआरसी अजब सिंह राजपूत, बैंक शाखा प्रबंधक संजू मेवाड़ा, गगन दीक्षित, डॉ. जेसी सोलंकी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## दूसरे दिन भी ग्रामीणों का जारी रहा धरना सोमवार को तहसील के सामने बैठेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




जिले की ग्राम पंचायत मेहतवाड़ा के गांव खेड़ापुरा आजकल खासी चर्चाओं में है जहां के ग्रामीण सड़क न होने की वजह से धरने पर बैठे हुए हैं। रोड नहीं तो वोट नहीं चुनाव का बहिष्कार करेंगे का बोर्ड लगाकर ग्रामीण संपूर्ण परिवार के साथ गांव में ही धरने पर बैठे हुए हैं। जब यह बात मीडिया में आने से आग की तरह फैली तो प्रशासनिक अधिकारी जावर तहसीलदार वहां पहुंचे। उन्होंने पंचायत सचिव को फटकार लगाकर कहा कि इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसी पर गांव के लोगों का कहना है कि यह धरना लगातार जारी रहेगा। हम सभी ग्राम वासियों को कई वर्षों से झूटा आश्वासन दिया जा रहा है। परंतु आज तक रोड नहीं बनाई गई। हालात यह है की बरसात में हम कहीं आ जा नहीं सकते। ग्राम की महिलाओं और पुरुषों ने कहा कि यदि हमारी मांग नहीं मानी गई तो हम सोमवार को जावर तहसीलदार तहसील कार्यालय के सामने धरना प्रारंभ कर देंगे। पूरा गांव सामूहिक आत्म हत्या के लिए कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। ग्रामीणों ने आग्रह किया है कि सभी जनप्रतिनिधि झूठे वादे करते हैं। खेड़ापुरा के ग्रामीणों ने दी सामूहिक आत्महत्या की चेतावनी रोड नहीं बनाया तो।